
- **जल क्षमता एवं स्रोत** – प्रोजेक्ट में लगभग 250 किलोलीटर प्रतिदिन एवं उत्तर पश्चिम (रेन वाटर एवं डिस्चार्ज) से 20 किलोलीटर प्रतिदिन तथा परिसर लगाईन एवं पुनरावर्तन से 30 किलोलीटर प्रतिदिन जल प्राप्त होगी। इस प्रकार कुल 280 किलोलीटर प्रतिदिन जल प्राप्त होगी। औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल की आपूर्ति परिसर में प्रस्तावित जलाशय (pond) क्षमता–36,923.00 घनमीटर प्रतिवर्ष तथा परिसर से लगी हुई उत्तर का भूमि में प्रस्तावित वीयर निर्माण क्षमता–25,722.8 घनमीटर प्रतिवर्ष से किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त जलाशय की कुल क्षमता–61,695 घनमीटर प्रतिवर्ष है। परिसर से लगी हुई ग्राम की भूमि में प्रस्तावित वीयर निर्माण के उपयोग हेतु अनुमति के लिए जल संसाधन विभाग, पटना सम्पर्क, जिला–चिलकहर में आवेदन किया गया है, जो कि प्रक्रियाधीन है। परंतु प्रयोजन हेतु जल की आपूर्ति प्रोजेक्ट से किया जाना प्रस्तावित है। भूमिगत जल उपयोग हेतु अनुमति सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी में आवेदन किया जाना बताया गया है, जो कि प्रक्रियाधीन है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – उद्योग द्वारा वेट प्रोसेस पर आधारित कोल वॉशरी स्थापित किया जाएगा। फलस्वरूप शून्य वॉटर डिस्चार्ज व्यवस्था की जाएगी। प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु सिकनर, वेस्ट वेल एवं सेटलिंग टैंक्स की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। औद्योगिक प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल को उपयोगानुसार आवश्यक उपचार पश्चात् प्रक्रिया में तथा परिसर के भीतर वृक्षारोपण में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। परंतु दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता–30 किलोलीटर की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में मेकेनिकल स्क्रीनिंग, सीट निकुंभ, ऑक्सिडेशन टैंक, इक्वलिटाईजेशन टैंक, एस.बी.आर. ट्रीटमेंट, सेकेन्ड्री क्लॉरिफिकेशन, डिसइन्फेक्शन तथा सेटलिंग लाईट के पश्चात् डी.एम. एफ. एवं एक्टीवेटेड कॉर्बन फिल्टर लगाया जायेगा। शून्य निस्तारण की स्थिति रखी जाएगी।

- **भू-जल उपयोग प्रबंधन** – प्रस्तावित स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेमी क्रिटिकल जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) कुल एवं लघुत्तम उद्योगों को कम से कम 50 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) पानी वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक तथा इनवायर्न्मेंटल / आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान था। केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण के अनुसार स्थल सेमीक्रिटिकल जोन में आता है केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस दिनांक 01/03/2018 अनुसार Over exploited, critical and semi-critical assessment unit में स्थापित इकाइयों द्वारा भूगर्भ दूषित एवं माइनिंग प्रोजेक्ट्स को भू-जल उपयोग की अनुमति नहीं दिया जाना है, फलस्वरूप परियोजना द्वारा

औद्योगिक कार्य हेतु भू-जल का दोहन कर सकता सम्भव, जल प्राधिकरण की अनुमति के पश्चात् ही किया जा सकेगा।

9. **रैन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा के पानी का कुल एकत्रीकरण 35,925 घनमीटर है। रैन वॉटर संचयन किये जाने के लिए जलाशय का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। रैन वॉटर संचयन का उपयोग फोल तौलाई के संचालन हेतु किया जाना प्रस्तावित है।

10. **विद्युत खपत एवं स्रोत** – परियोजना हेतु 520 के.वी.ए. विद्युत की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति प्रस्तावित सोलर विद्युत संयंत्र कम्पनी से की जाएगी।

11. **प्लांटेशन कार्य** – कुल क्षेत्रफल में से लगभग 3.5 हेक्टेयर (44.53 प्रतिशत) में 30 मीटर ग्रीन बेल्ट का विकास किया जाना प्रस्तावित है।

12. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 15 दिसम्बर 2016 से 31 मार्च 2020 के मध्य किया गया है। 10 कि.मी. के अन्तर्गत 10 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 10 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 08 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 03 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 08 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

13. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 14.2 से 34.8 माइक्रोग्राम / घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 24.6 से 55.6 माइक्रोग्राम / घनमीटर, एसओ$_2$ 8.4 से 16.6 माइक्रोग्राम / घनमीटर तथा एनओ$_{2}$ 11.8 से 25.8 माइक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परिवेशीय वायु गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर दिन के समय 39.9 डीबीए से 56.1 डीबीए एवं रात के समय 37 डीबीए से 51.1 डीबीए पाया गया। परियोजना स्थल के आसपास ध्वनि गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुरूप है।

14. आंतरिक मार्गों का ट्रेन-टू-ट्रेन एकीकरण किया जायेगा। मालसंग्रह ट्रेन संचालन आवश्यक।

15. प्रचालनीकरण के दौरान परियोजना प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि लगभग कोल का परिवहन 30-40 प्रतिशत तक सड़क मार्ग से एवं 60-70 प्रतिशत तक रेलमार्ग से तथा डी-कोल का परिवहन पूर्ण रूप से रेलवे मार्ग से किया जायेगा।

16. कोल डीसली प्रक्षेत्र द्वारा एक सी.सी.टी.वी. कैमरा सिस्टम के माध्यम से अवागमन करने वाले वाहनों पर निगरानी रखी जायेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि डी-कोल लादा कोल एवं रिजेक्ट्स से भरे सभी वाहन ठीक ढंग से ढंके हुये हैं। प्रवेश द्वार पर ओपन वीज सिस्टम की लगाया जाना प्रस्तावित है, जिससे वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण नियंत्रित हो सके।

17. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं–**

   i. प्रस्तावित कोल डीसली परियोजना द्वारा वृक्षारोपण की व्यवस्था प्रस्तावित होने पर परियोजना प्रबन्धक द्वारा प्रस्तावित वृक्षारोपण की क्या सहायता दी जायेगी।

   ii. प्रस्तावित कोल डीसली परियोजना के कारण भारी वाहनों के चलने से सड़क पर जाम न हो एवं दुर्घटना नहीं होने हेतु व्यवस्थायें बनाई जायें।

   iii. प्रस्तावित कोल डीसली परियोजना से आस-पास के गांव स्कूल, धर्मशाला, मकानों, नदी, तालाब, जीव-जन्तु, मंदिर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

iv. प्रस्तावित खनन योजना परियोजना के तहत खनन गतिविधि द्वारा प्रदूषण नियंत्रण की क्या व्यवस्था की जायेगी? क्या-क्या उपकरण लगाये जायेंगे।

v. प्रस्तावित खनन के प्रभावित क्षेत्र के भवनों / निर्मित हेमेजमाने को संरक्षण में योजनाएं उपलब्ध कराया जाये।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में खनन प्रबंधन का कथन एवं प्रस्तावित कार्ययोजना संबंधी जानकारी निम्नानुसार है:-

i. उत्तरदाता प्रबंधन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि खनन योजना की स्थापना से किसी भी वायु प्रदूषण की स्थिति निर्मित नहीं होगी। मृदाकार की उत्पादकता को नुकसान नहीं होगा। यदि कोई आवश्यक उपचार के बाद भी मृदाकार की उत्पादकता को नुकसान होता है तो प्रभावित लोगों से वास्तविक मूल्य हल निकाला जायेगा।

ii. प्रस्तावित खनन योजना परियोजना में जो कोल/लोहा खनन/रिसेक्टर को लाइसेंसिंग से ढके हुए वाहनों के द्वारा परिवहन किया जायेगा। वाहनों से दुर्घटना के संरक्षण हेतु वाहनों की गति को नियंत्रित रखा जायेगा।

iii. प्रस्तावित खनन योजना परियोजना से आस-पास के क्षेत्र वनस्पतियां, मवेशियों, नदी, तालाब, जीव-जन्तु, पक्षियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसलिए कोल खनन इकाई, योजना क्षेत्र एवं वहीन मार्ग में डस्ट एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ पेव फिल्टर की स्थापना की जायेगी। साथ ही डस्ट एक्सट्रेक्शन सिस्टम को ढका जाकर पेव फिल्टर लगाया जायेगा। साथ ही डस्ट सप्रेशन / म्यूनिसिपल डस्ट प्रदूषण के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की जायेगी। कार्यस्थल क्षेत्र के चारों ओर 15 मीटर की चौड़ाई तक वृक्षारोपण किया जायेगा।

iv. प्रबंधन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि आवश्यकतानुसार योजना के लाभार्थ पर स्थानीय लोगों को रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।

18. **कॉर्पोरेट एनवायरमेंटल रिस्पॉन्सिबिलिटी (C.E.R.)** – भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/04/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) नियम समिति के सम्बन्ध विस्तार से उक्त उपबन्ध निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
2.200	2%	44	Following activities at Nearby Government Schools and Hospitals **Village-Amsena, Sakarra and Reimundi**	
			Rain Water Harvesting System	44
			Potable Drinking water Facility	
			Running Water	

			facility for Toilets	
			Solar Lighing System	
			Plantation	
			Total	44

समिति द्वारा पर्यावरणीय प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि शासन निर्देशों के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रावधान एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

समिति द्वारा जिला बिलासपुर उपखंड सकरी के ग्राम–सकरी, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 753/1, 736/(ब) से 735/1, 754/(ब) से 754, 755, 756/1, 756/2, 756/3, 756/4, 757/4, 757/3, 758/1, 758/1, 759/4, 759/7, 782/(ब) से 782, 786/1, 787, कुल क्षेत्रफल – 7.88 हेक्टेयर (19.48 एकड़) में प्रस्तावित कोल वॉशरी (प्रति घंटा कोल वॉशरी) 300MT-120MT मिश्रित ट्रक प्रशिक्षण हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

प्रशिक्षण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्रशिक्षण की दिनांक 10/08/2020 को आयोजित प्रभावी बैठक में विचार किया गया। प्रशिक्षण द्वारा गवाही का अवलोकन किया गया। प्रशिक्षण द्वारा नोट किया गया कि–

1. ग्राम सकरी में प्रस्तावित प्रस्ताव के अंतर्गत कोल वाशरी से उत्पन्न रिजेक्ट्स को मेसर्स गुप्ता एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गुढ़ाम, जिला–चन्द्रपुर, महाराष्ट्र में स्थापित कोल रिजेक्ट्स बेस्ड थर्मल पॉवर प्लांट में उपयोग हेतु विक्रय किया जाना प्रस्तावित किया गया है, जिसके लिए एमओयू नहीं किया गया है। अपितु लेटर ऑफ इन्टेन्ट जारी किया गया है। यहाँ कोल की कैलोरीफिक वेल्यू एवं वाशरी रिजेक्ट्स की कैलोरीफिक वेल्यू में काफी अंतर होता है। महाराष्ट्र राज्य में चन्द्रपुर के समीप कई कोयले की खदान संचालित हैं। मेसर्स गुप्ता एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गुढ़ाम, जिला–चन्द्रपुर, महाराष्ट्र द्वारा कोयले का ईंधन के रूप में उपयोग के स्थान पर वॉशरी रिजेक्ट्स का काफी दूरी तक परिवहन कर ईंधन के रूप में उपयोग करना विभिन्न दृष्टि से व्यवहारिक **(Economically Viable)** संभव होगा अथवा नहीं? यह स्पष्ट नहीं है। साथ ही पावर प्लांट की उपयोगिता क्षमता, ईंधन (वॉशरी रिजेक्ट्स) उपयोग की मात्रा (प्रतिदिन एवं वार्षिक) एवं विपणनीय कोल वॉशरी से उत्पन्न सभी वॉशरी रिजेक्ट्स का उपयोग इस पावर प्लांट में संभव होगा अथवा नहीं? यह भी स्पष्ट नहीं है। अतः उपरोक्त जानकारी एवं रिजेक्ट्स का परिवहन मेसर्स गुप्ता एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गुढ़ाम, जिला–चन्द्रपुर, महाराष्ट्र तक विभिन्न दृष्टि से व्यवहारिक **(Economically Viable)** होने अथवा नहीं होने के संबंध में जानकारी प्राप्त कर परीक्षण किया जाना उचित प्रतीत होता है। यदि वॉशरी रिजेक्ट्स का इतनी लंबी दूरी तक परिवहन कर उपयोग करना विभिन्न दृष्टि से व्यवहारिक **(Economically Viable)** नहीं होता तो वॉशरी रिजेक्ट्स के उपयोग हेतु अन्य रिजेक्टिव पावर प्लांट की जानकारी तथा एमओयू की प्राप्त किया जाना होगा।

2. दूषित जल उपचार व्यवस्था के अंतर्गत परिसर दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित बताया गया है, जिसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से अपेक्षित मात्रा के उपचार की व्यवस्था की जानकारी नहीं दी गई है।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में प्राधिकरण द्वारा लिया गया निर्णय उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त जमीनी के आधार पर पुनः परीक्षण कर, अपेक्षित अनुपालना किये जाने हेतु प्रकरण एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

तदनुसार एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ को सूचित किया जाए।

31. मेसर्स श्री लक्ष्मीकांत साहू (आवास सेण्ड माईन, ग्राम-बालम, तहसील व जिला-कांकेर), बेहूल नगर भिलाई, जिला-दुर्ग (लघिकालय का लघी क्रमांक 1126)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 136564 / 2019, दिनांक 12 / 01 / 2020।

प्रकरण का विवरण – यह प्रकरणित रेत खदान (मैसर्स खनिज) है। यह खदान ग्राम-बालम तहसील व जिला-कांकेर स्थित खसरा क्रमांक 631, कुल क्षेत्र क्षेत्र 5 हेक्टेयर में प्रकरणित है। उत्खनन महामंजूरी से किया जाना प्रकरणित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता-1,18,750 एम.सी.एम. है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 300वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020

समिति द्वारा प्रकरण की जमीनी एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्पश्चात **चर्चोपरान्त से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि-**

1. प्रकरणित स्थल से निकटतम कुआं, नदी, एनीकट एवं जल आपूर्ति स्रोत की दूरी सहित जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रकरणित स्थल एवं प्रकरणित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी पर, प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, सर्वेक्षण में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जाएं। इसका लेवल्स (Levels) हेतु जल से ऊपर 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concrete TBM structure) निर्धारित किये जाएं। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) से आर.एल., को-आर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जाएं। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें स्थानिक विभाग से प्रमाणीकरण उपरान्त पारदर्शक सहित जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।
3. रेत उत्खनन हेतु प्रकरणित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की गहराई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी डायमेंशनल-गहराई का मापन कर, स्थानिय विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की डायमेंशनल गहराई हेतु पंजीयन भी प्रस्तुत किया जाए।
4. प्रकरणित उत्खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के घाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
5. यदि पूर्व में आवंटित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर पर्यावरण संघटक निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण संघटक निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।

6. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

7. वीज बीमा के निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (स्थानीय) प्रस्तुत किया जाए।

8. भारत सरकार, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/06/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

9. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान के ले आउट (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ जानकारी साझा की जाकर सिंचाई विभाग सुरक्षित जानकारी / दस्तावेज (प्रमाण फोटोग्राफ) सहित डिजीटाईजेशन किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 23/03/2020 द्वारा डिजीटाईजेशन हेतु सूचित किया गया।

(ग) समिति की 313वीं बैठक दिनांक 25/03/2020:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री दीप सोहन, अधिकृत प्रतिनिधि एवं श्री के.एल. कंवर, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा मांगी, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – पेट्रोल उत्खनन के संबंध में नगर पंचायत धमतरी का दिनांक 06/04/2017 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **निरूपित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा के प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान निरूपित/सीमांकित कर घोषित है।

3. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला-धमतरी कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक 908/खनिज/उत्खनन/2019-20 कार्यालय, दिनांक 16/01/2020 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-धमतरी कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक 5017/खनिज/ रेत(गुटी)/2019-20 कार्यालय, दिनांक 10/01/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-धमतरी कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक 905-बी/खनिज/रेत(गुटी)/2019-20 कार्यालय, दिनांक 10/01/2020 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान, स्कूल, पुल, बांध, डैम, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

6. **एस.डी.आई का विवरण** – एस.डी.आई कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-धमतरी कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक 3218/खनिज/रेत (विजर्स ऑक्शन)/2019 कार्यालय, दिनांक 09/01/2020 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 3 वर्ष हेतु वैध है।

7. कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, कांकेर उत्तरमण्डल जिला–कांकेर के ज्ञापन क्रमांक/ना.वि./2020/1807 कांकेर, दिनांक 24/02/2020 की नदी अनावेदित प्रयोग भू–अनुभाग आवेदित क्षेत्र पर पूर्व की सीमा से दूरी 5 कि.मी., सीमाबन्दी क्षेत्रफल 100 से 150 कि.मी. एवं कांकेर शाखा वाहन 250 से 300 कि.मी. है।

8. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2016 द्वारा जिला प्रारूप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–दाखम 2.5 कि.मी.एवं अस्पताल ग्राम–पखांजूर 2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 6 कि.मी. दूर है। प्रस्तावित रेत खदान का आवेदित से 1,300 मीटर की दूरी पर पुल स्थित है।

10. **पारिस्थितिकीय/पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित पर्यावरणीय क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 274 मीटर, न्यूनतम 225 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 155 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट से दूरी 133 मीटर बताई गयी है। अनुमोदित माईनिंग प्लान में नदी तट से दूरी 50 मीटर बताई गई है, जबकि खदान की सीमा की नदी तट से न्यूनतम दूरी, नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होनी चाहिए।

12. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2.5 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 1,25,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, तकनीक विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 3 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई मापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 2.5 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंजीयन भी प्रस्तुत किया गया है।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

   i. पूर्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पखांजूर के नाम से रेत खदान खसरा क्रमांक 131, क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर, क्षमता–75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण आकलन निर्धारण प्राधिकरण, जिला–उ.ब. कांकेर द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 29/05/2018 के द्वारा जारी दिनांक से 60 दिवस हेतु जारी की गयी थी।

ii. भूमि में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। साथ अवलोकन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई।

iii. विभाग द्वारा में दिए गए प्रावधान की आवश्यक मात्रा की जानकारी वर्तमान विभाग से प्रमाणित कर पत्र प्रस्तुत नहीं की गई है।

iv. निर्धारित मानकानुसार क्षतिपूर्ण नहीं किया गया है।

14. **अवैध क्षेत्र में रेत खनन के लेखाकन** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का डिटेल कलेक्टर प्रतिमान में पोस्ट–मानसून (Post-Monsoon) काल दिनांक 21/02/2020 को रेत खनन के लेखाकन (Levels) लेकर, उसी माध्यम विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/प्रमाणित प्रस्तुत किये गये है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विभाग से प्राप्त उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 52.5	2%	Rs. 1.05	Following activities at Nearby Government Girls School Village-Charaina	
			Rain Water Harvesting System	Rs. 0.64
			Running water Facility for Toilets	Rs. 0.20
			Plantation work with fencing	Rs. 0.30
			Total	Rs. 1.14

समिति द्वारा परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एवं साथ में प्रस्तुत किया जाए।

16. रेत उत्खनन पेशुक्रम विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

17. अनुमोदित माईनिंग प्लान में नदी तट के किनारे से दूरी 10 मीटर बताती गई है, जबकि नदी के तट की गीलाई के 10 प्रतिशत की दूरी होनी चाहिए। वर्तमान स्थल पर नदी के तट की गीलाई औसतन 247 मीटर है। अतः नदी के तट की गीलाई के 10 प्रतिशत की दूरी को रेत माईनिंग क्षेत्र परिधि कम करना प्रस्तुत की जानी होगी। साथ ही फ्लड मानचित्र के आधार पर माईनिंग प्लान में संशोधन कराना आवश्यक है।

समिति द्वारा अवलोकन उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:-

1. नदी के पाट की चौड़ाई के 10 प्रतिशत की न्यूनतम दूरी को गैर माईनिंग क्षेत्र घोषित करते हुए गैर माईनिंग क्षेत्र का रखरखाव की जाए। गैर माईनिंग क्षेत्र एवं माईनिंग क्षेत्र का सीमांकन कर जनपद विकास से अनुमोदन कराया जाए तथा संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत की जाए।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

3. विगत वर्षों में जिए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

4. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रारूप में प्रस्तुत किया जाए।

एस.ई.ए.सी. प्रकोष्ठ की 243वीं बैठक दिनांक 28/02/2020 के परिपेक्ष में परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी 15/05/2020 को प्रस्तुत किया गया।

(ग) समिति की 322वीं बैठक दिनांक 18/05/2020

समिति द्वारा नदी, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक/180(बी)/खनिज/रेत(मुरूम)/2020 कांकेर, दिनांक 11/05/2020 के अनुसार नदी तट से घाट क्षेत्र 30 मीटर पर स्थित है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस हेतु संशोधित माईनिंग प्लान की प्रति प्रस्तुत की गई है। जिसमें नदी तट से दूरी 30 मीटर बताई गई है। अतः गैर माईनिंग क्षेत्र का रखरखाव किया जाना आवश्यक नहीं है।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की विस्तृत पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

3. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक/1246/खनिज/रेत(मुरूम) अनुज्ञप्ति/2019-20 कांकेर, दिनांक 18/03/2020 के अनुसार पूर्व में नगर पंचायत भानपुरी के नाम से रेत उत्खनन पट्टा क्रमांक 151, क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर, मात्रा-31,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण सम्मेलन विशेषज्ञ मूल्यांकन, जिला-उ.ब. कांकेर द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 02/08/2018 की जारी दिनांक से 05 वर्ष हेतु जारी की गयी थी, वर्तमान में रेत उत्खनन की मात्रा 30,000 घनमीटर है।

4. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

एस.ई.ए.सी. प्रकोष्ठ की 322वीं बैठक दिनांक 18/05/2020 के परिपेक्ष में परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी 29/06/2020 को प्रस्तुत किया गया।

(घ) समिति की 323वीं बैठक दिनांक 29/06/2020

समिति द्वारा नदी प्रमुख जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. पूर्व के जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की त्रिमुखर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई है। जिसमें अनुपालन–
   i. कार्य आरम्भ नहीं किया गया है।
   ii. निर्धारित शर्तानुसार पूर्णावलोकन नहीं किया गया है।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2.5 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण क्षमता आकलन कार्य एवं स्थानीय जानकारी का उल्लेख नहीं किया गया है। बाढ़ नदी बढ़ी नहीं है तथा इसमें वर्षोकाल में साधारणतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभरण होने की सम्भावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. आवेदित खदान (ग्राम–गालमाई) का रकबा 5 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में अधिसूचित/संरक्षित वनक्षेत्र का कुल संक्षमता 5 हेक्टेयर से ज्यादा कम होने के कारण यह खदान श्रे–2 श्रेणी की मानी गयी।
2. **पूर्णावलोकन कार्य** – प्रावधानिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 2,500 नग पौधे – 1,250 नग जामुन के पौधे तथा शेष 1,250 नग (जामुन, करंज, बांस आदि) पौधे लगाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त वहन मार्ग पर 750 नग पौधे लगाए जायेंगे।
3. परियोजना प्रस्तावक रेत खनन क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Situation Study) करायेगा, जिसे रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् नदी आधारित रेत उत्खनन का नदी, भूमिगत, स्थानीय जनजीवन, जीव एवं वृक्ष जीवन पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सकें।
4. **लीज क्षेत्र की सतह का केलाइन खाका –**
   i. परियोजना प्रस्तावक द्वारा उत्खनन के पूर्व स्वयम लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे किया जायेगा। उपरोक्त सभी नदी सतह के स्तर (Levels) का सर्वे 25 गुणा 25 मीटर के आयाम (Grid) में किया जाएगा।
   ii. रेत खनन के उपरान्त मानसून के पूर्व अर्थात मई माह के अंतिम सप्ताह / जून में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर किया जायेगा।
   iii. इसी प्रकार पोस्ट–मानसून में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व तथा उत्खनन इसी ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जायेगा।
   iv. रेत सतह के पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जायेगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2020, 2021, 2022 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त

2020, 2021, 2022 तक प्रतिवर्ष 50 से एम.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जाएंगे।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से की सहमति प्रदान की गई कि खसरा क्रमांक 131, ग्राम–चारामा तहसील व जिला–कांकेर, कुल लीज क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर क्षेत्र में रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई मशीनों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग पॉइंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – प्रस्तावित प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 16/06/2020 की सम्पन्न 48वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। विचार विमर्श उपरांत प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये की सहमति खसरा क्रमांक 131, ग्राम–चारामा, तहसील व जिला–कांकेर, कुल लीज क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर क्षेत्र में रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने का निर्णय लिया गया।

परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया जाए।

32. मेसर्स महावीर कोल वीजरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–खरगहनी, तहसील–बोदरा, जिला–बिलासपुर (सक्षिप्तालय की नस्ती क्रमांक 1232)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 61497/2020 दिनांक 02/03/2020।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–खरगहनी, तहसील–बोदरा, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक पार्ट अंश 79/1, 79, 96, 80, 81, पार्ट अंश 82, 84, 86, 87, पार्ट अंश 55, 56, 58/1, 58/1, 58/2 कुल क्षेत्रफल – 14.74 एकड़ में सीपीसीएल कोल वीजरी – 0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु टीओआर बाबत आवेदन किया गया है। परियोजना का प्रस्तावित विनियोग रुपए 22 करोड़ होगा।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 302वीं बैठक दिनांक 18/06/2020

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा सदस्य सचिवसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:–

1. कम्पनी डेवलपिंग स्ट्रार्स के पत्रांक के साथ कोल वीजरी संचालन हेतु प्रस्तावित स्थान को पर्यावरणीय संवेदनशीलता की दृष्टि से पर्याप्त किए जाने की जानकारी प्रस्तुत करें।
2. कार्यालय में लम्बित इकाईयों (यदि कोई हो) हेतु हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालनार्थ की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जावे।

3. भूमि स्थानांतर संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत की जावे।

4. प्रस्तावित वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं पेय जल हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाओं का विवरण (नक्शा एवं लाईन सहित) प्रस्तुत की जावे।

5. घुलित जल हेतु प्रस्तावित जलापूर्ति व्यवस्था का पूर्ण विवरण, प्रस्तावित घुलित जल के उपयोग / पुनःचक्रीकरण की व्यवस्था का पूर्ण विवरण प्रस्तुत की जावे।

6. वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था, एमुलिटिव अंकर उपकरण व्यवस्था, डी-कोल, पावर कोल, सिलेक्ट कोल के परिवहन कार्य एवं परिवहन व्यवस्था (सड़क / रेल मार्ग) का विवरण प्रस्तुत की जावे।

7. ठोस अपशिष्ट (सिलेक्ट कोल एवं कोल रगड़) के निपटान हेतु प्रस्तावित व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जावे।

8. प्रस्तावित ऊर्जा संयंत्र के उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जावे।

9. ले-आउट के प्रस्तावित वृक्षारोपण को दर्शाते हुये वृक्षारोपण की मात्रा तथा क्षेत्रफल का विवरण प्रस्तुत की जावे। वृक्षारोपण हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की जावे।

10. नेशनल माइनिंग वीजन डाक्यूमेंट द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार परियोजना स्थल संबंधी विस्तृत भूवैज्ञानिक विवरण, क्षेत्र जैव जोन के अंतर्गत आने बाबत जानकारी प्रस्तुत की जावे। पानी का तापन करने हेतु नेशनल माइनिंग वाटर अथॉरिटी से अनुमति की प्रति प्रस्तुत की जावे।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के द्वारा दिनांक 23/05/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 325वी बैठक दिनांक 29/06/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विशाल जैन, जीएमआर एवं श्री संजय जैन, प्रतीकेट उपस्थित हुए। समिति के समक्ष परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुरोध किया गया कि यह प्रकरण समिति की 326वी बैठक दिनांक 01/06/2020 में सूचीबद्ध है। अपरोक्त कारणों से उक्त तिथि को प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः प्रस्तुतीकरण हेतु अवसर दिये जाने का अनुरोध किया गया। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया। समिति द्वारा नवीन प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी** –
   - निकटतम आबादी ग्राम-पदना 1 कि.मी., स्थित ग्राम-खरमोरा 3 कि.मी., अस्पताल कालरी रोड 6 कि.मी. एवं रेलवे स्टेशन कि.मी. 13 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3 कि.मी. है। अरपा नदी 8 कि.मी. दूर है।
   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किमी. की परिधि में अंतर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉलुटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिपादित किया है।

2. **लेण्ड एरिया क्वेटगेट** – कुल क्षेत्रफल 16.37 एकड़ है, जिसमें कोयला पार्क 2.96 एकड़, डी-कोल, कोल फील्ड, सीडलिंग एवं रिसेक्शन स्टोक यार्ड 2.96

एकड़, आम डोलिमाइट 1.47 एकड़, शेष भूमि 0.75 एकड़ एवं पीला बेल्ट 0.25 एकड़ (50.4 प्रतिशत) में प्रस्तावित है।

3. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि पूरे में फैला परियोजना 14.74 एकड़ क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित था। उक्त क्षेत्रफल में निर्धारित ले-आउट के पश्चिम क्षेत्र से सी-कोल ट्रेंचिंग क्षेत्र तक भूमि की सीमाएं कम होने के कारण कारण वह भूमि 1.83 एकड़ को सम्मिलित कर ले-आउट प्रस्तुत किया गया है।

4. खसरा संबंधी जानकारी:-

स्थानीय	खसरा नं.	क्षेत्रफल (एकड़ में)
महावीर कोल लोजिस्टिक प्राईवेट लिमिटेड	55(पार्ट), 56, 58/1, 59/2, 78, 79/2(पार्ट), 82 एवं 87	10.64
अनुसूचित भूमि	59/1, 79/1(पार्ट), 81, 82(पार्ट), 84, 85, 90/2(पार्ट) एवं 93/1(पार्ट)	5.73

5. **सी-मटेरियल** – सी-कोल 0.98 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पादन किया जाएगा। वाशरी कोल 0.792 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं रिजेक्ट कोल 0.188 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। सी-कोल एस.ई.सी.एल. कोलवा के वाहनों, डंपर, ट्रेकर एवं ट्रकों से आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। खदान से डंपरों तक सी-कोल का परिवहन सड़क मार्ग से ढके हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा। वाशरी से वाशरी कोल एवं रिजेक्ट का परिवहन सड़क मार्ग से ढके हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा।

6. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – कोल लोडर हेवाई, डोजर्स ड्रेकर एवं स्क्रीन इकाइयों में डस्ट एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ बैग फिल्टर की स्थापना की जाएगी। सभी कोल कन्वेयर बेल्ट्स को ढंका जाकर बैग फिल्टर से संलग्न कर 30 मीटर ऊंचाई से लिया जाना प्रस्तावित है। उक्त इकाईयों से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम रखा जाएगा। परिसर के चारों ओर 3 मीटर ऊंची बाउण्ड्री वॉल का निर्माण एवं वेन गन के साथ 3 मीटर ऊंची स्प्रीन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही डस्ट सप्रेशन / म्यूनिसिपल डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है।

7. **शोर अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था** – वाशरी रिजेक्ट्स लगभग 0.188 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। कोल वाशरी से उत्पन्न रिजेक्ट्स को आस-पास पावर प्लांटों एवं अन्य उद्योगों को ईंधन के रूप में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।

8. **पेयजल प्रबंधन व्यवस्था** –

- **जल उपयोग एवं स्रोत** – लगभग 240 किलोलीटर प्रतिदिन घरेलू हेतु जल उपयोग होगा। जल स्रोत बोरवेल होगा। भूमिगत जल उपयोग हेतु अनुमति सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से आवेदन किया जाना प्रस्तावित है।
- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – खदान द्वारा सुरक्षा पर आवश्यक कोल वॉशरी स्थापित किया जाएगा। अपशिष्ट मूल वॉटर सिस्टम व्यवस्था की जाएगी।

प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु डिसल्टर, सेटल ट्रेस एवं सेटलिंग पिट की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। ऑक्सीडेशन प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल को नियमानुसार उपचार उपरान्त पुनः प्रक्रिया में तथा परिसर के भीतर वृक्षारोपण में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। गंदेजू दूषित जल के उपचार हेतु संयंत्र डिस्पोट प्लांट की व्यवस्था की जाएगी। शून्य निस्तारण की स्थिति रखी जाएगी।

- **भू-जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

(अ) कृषक एवं मध्यम उद्योगों का कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

(ब) ग्राउण्ड वाटर निकाले हेतु अपनाई गई तकनीक तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। प्रस्ताव उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

9. **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था का डिटेल ई.आई.ए. रिपोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।

10. **विद्युत खपत एवं स्रोत** – परियोजना हेतु 1,500 के.वी.ए. विद्युत की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 2 नग 500 के.वी.ए. का डी.जी. सेट स्थापित किया जाएगा। डी.जी. सेट को एकोस्टिक्ली इन्क्लोजर में स्थापित किया जाएगा।

11. **वृक्षारोपण की स्थिति** – कुल क्षेत्रफल में से 6.25 एकड़ (26.4 प्रतिशत) में ग्रीन बेल्ट का विकास किया जाना प्रस्तावित है। चारों तरफ 10 मीटर सहित चौड़ी ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

12. कोल डीजली की स्थापना हेतु 3 स्थली (ग्राम–कसरमोटा, ग्राम–मोहतरपुर एवं ग्राम–केलपारा) का अध्ययन किया जाना बताया गया है। कोल डीजली की स्थापना के लिए ग्राम–केलपारा के स्थल का चयन किस आधार पर किया गया है, इस संबंध में तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई है।

13. वर्तमान में उक्त भूमि पर कोई उद्योग स्थापित नहीं होना बताया गया है।

14. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि एन.ई.सी.एल. की रेलवे, डीपका एवं कुसमुण्डा खदान से डी–लिंक का परिवहन पूर्ण रूप से सड़क मार्ग से एवं सड़क कोल का भी सड़क मार्ग से किया जाएगा। सड़क मार्ग से साइड कोल एवं डीजली रिजेक्ट का परिवहन आसपास के उद्योगों को किया जाएगा।

15. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार किए जाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य दिनांक 01/03/2020 से 31/05/2020 तक निर्धारित किया गया था। कोविड–19 के लॉकडाउन प्रभाव होने के कारण सर्वेक्षण का कार्य दिनांक 25/03/2020 से 14/04/2020 तक नहीं किया जा सका। अतः उक्त सर्वेक्षण दिनांक 21/06/2020 तक किया जाएगा।

18. समिति द्वारा नोट किया गया कि ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार किए जाने हेतु नये सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व टीओआर एवं पीएफआर प्राप्त किया जाना आवश्यक है। कंडिका–09 के लॉकडाउन प्रभावित होने के कारण मॉनिटरिंग का कार्य दिनांक 25/03/2020 से 14/04/2020 तक नहीं किया गया है। अतः उक्त मॉनिटरिंग में निरंतरता नहीं होने के कारण उक्त सीजन में की गई मॉनिटरिंग को मान्य किया जाना संभव नहीं है। समिति द्वारा नये सीजन में मॉनिटरिंग किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा विचार किया गया कार्यसूची के प्रकरण क्र–1 कोरबा जिले के अंतर्गत मेसर्स सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधि. 2010 में प्रस्तावित कोयला खदानें टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ईएमपी रिपोर्ट फॉर क्रोकेल्स/एक्सप्लोरेशन लिमिटेड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स अपडेट ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 के शर्तों के अधीन कोयला खदान (लोक सुनवाई सहित) कोल सेक्टरी समता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष के लिए लागू हेतु जारी किए जाने की अनुशंसा निम्न अतिरिक्त टीओआर के साथ की गई:–

i. Project Proponent shall inform S.E.A.C. Chhattisgarh before start of monitoring work for preparation of EIA Study Report for new season.

ii. Project proponent shall submit details of ETP & STP with process flow diagram and proposal for maintaining zero discharge condition.

iii. Project proponent shall submit calculation regarding total storm water received in the premises, potential of rain water harvesting and quantity to be harvested along with details of proposed structures in EIA report.

iv. Project Proponent shall submit CER proposals with details of works and detailed estimates.

v. Project Proponent shall submit NOC from Central Ground Water Authority for use of ground water.

vi. Project Proponent shall submit NOC mentioning the distance from the boundary of Achanakmar Tiger Reserve to the proposed washery site from Competent Authority of Tiger Reserve.

vii. Project Proponent shall submit layout earmarking atleast 20m wide green belt all along the phariphery of the project area.

viii. Project Proponent shall submit ownership / possession of land documents and procurement of additional land as proposed during TOR presentation.

ix. Project Proponent shall submit proposal regarding transportation of raw coal, clean coal and reject through rail as maximum as possible.

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 10/06/2020 को संपन्न बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नदी का अवलोकन किया गया। विचार किया जाकर प्राधिकरण द्वारा कार्यसूची में समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये उपरोक्तानुसार टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) (लोक सुनवाई सहित) जारी करने का निर्णय लिया गया।

प्राधिकरण द्वारा टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) जारी किया जाए।

एजेण्डा आयटम क्रमांक–4 नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में निर्णय लिया जाना।

1. मेसर्स बीजुरी सीमेंट लिमिटेड, पो.आ. –बैकुंठ, जिला–रायपुर (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 27)

मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, ग्राम पो.आ.–बैकुंठ, जिला–रायपुर द्वारा मेसर्स बीजुरी सीमेंट लिमिटेड को धमेत पॉवर प्लांट की क्षमता विस्तार 25 मेगावॉट से 27 मेगावॉट किए जाने हेतु जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में "मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट–बीजुरी सीमेंट वर्क्स) पो.आ.–बैकुंठ, जिला–रायपुर" से "मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट–बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) पो.आ.–बैकुंठ, जिला–रायपुर" नाम परिवर्तन में संशोधन किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एच.ई.आई.ए.ए., छ.ग. के पत्र क्रमांक 1886, दिनांक 07/03/2020 के द्वारा पूर्व में "मेसर्स बीजुरी सीमेंट लिमिटेड, ग्राम पो.आ.–बैकुंठ, जिला–रायपुर" को एच.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 08/12/2008 द्वारा धमेत पॉवर प्लांट की क्षमता विस्तार 25 मेगावॉट से 27 मेगावॉट हेतु जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में नाम परिवर्तन कर "मेसर्स बीजुरी सीमेंट लिमिटेड, ग्राम पो.आ.–बैकुंठ, जिला–रायपुर" के स्थान पर "मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट–बीजुरी सीमेंट वर्क्स) पो.आ.–बैकुंठ, जिला–रायपुर" किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 10/06/2020 को संपन्न 364वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। विचार विमर्श उपरांत प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नाम परिवर्तन के संबंध में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के द्वारा जारी प्रमाण पत्र / दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।

परिपालना प्रस्तावक को उपलब्ध कराया जाए।

2. मेसर्स श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड, ग्राम–हाटाकुदरी, तहसील–दुर्गकोन्दल, जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 795)

मेसर्स श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड, ग्राम–हाटाकुदरी, तहसील–दुर्गकोन्दल, जिला–उत्तर बस्तर कांकेर के ग्राम–हाटाकुदरी एवं लंजोड़, तहसील–दुर्गकोन्दल, जिला–उत्तर बस्तर कांकेर स्थित उन खसरा क्रमांक 641 एवं 642, कुल रकबा – 75 हेक्टेयर में आयरन ओर (लुप्त खनिज) उत्खनन क्षमता – 0.8 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 1.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष (1.0 मिलियन टन प्रतिवर्ष (Above threshold value, +45% Fe) एवं 0.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष (Below threshold value, -45% Fe which is part of overburden)) तथा डंप से आयरन ओर का उपयोग करने हेतु नए आयरन ओर बेनिफिशिएशन प्लांट (डेट) क्षमता – 0.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु एच.ई.आई.ए.ए., छ.ग. के पत्र क्रमांक 348, दिनांक 18/06/2020 द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में निम्न बिन्दुओं पर संशोधन मांगा गया है–

1. "मेसर्स बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड" से "मेसर्स श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड" किये जाने।

2. पर्यावरणीय स्वीकृति में 12 हेक्टेयर का उल्लेख किया गया है जबकि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-उ.ब.नवागढ़ द्वारा संचालन 78 हेक्टेयर में से 23.87 हेक्टेयर क्षेत्र में भू-प्रवेश एवं खनन करने की अनुमति प्रदान की गई है।

3. पर्यावरणीय स्वीकृति में समस्त फेस वाटर – 150 घनमीटर प्रतिदिन एवं सिंकिंग वाटर 280 घनमीटर प्रतिदिन का उल्लेख किया गया है। जबकि वास्तव में फेस वाटर – 280 घनमीटर प्रतिदिन एवं सिंकिंग वाटर 110 घनमीटर प्रतिदिन है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 10/06/2020 को संपन्न ऑनलाईन बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। विचार मिलते उपरांत प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त के आधार पर परिशिष्ट कर उपयुक्त अनुशंसा किये जाने हेतु प्रकरण एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को सादर प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को सूचित किया जाए।

ईकोफ्रेंडली आवरण क्रमांक–5 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

अध्यक्ष, एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ द्वारा प्राधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य लाया गया कि पेड़ का अवैज्ञानिक तरीके से छंटाकरण किये जाने की सूचना समाचार माध्यम के माध्यम से प्राप्त होती रहती है। पेड़ काटने की जगह पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तों का पालन करते हुये छंटाकरण किया जाना आवश्यक है तथा इस पर निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही आवश्यक है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त पर प्राधिकरण की दिनांक 10/06/2020 को संपन्न ऑनलाईन बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त पर विचार मिलते उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पेड़ का अवैज्ञानिक तरीके से छंटाकरण की संचालन की कार्यवाही एवं कटाई की जाने पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों का पालन सुनिश्चित कराये जाने बाबत कार्यालय कलेक्टर, खनिज जिला के मैदानी अमलों को निर्देशित किये जाने हेतु खनिज, खनिज साधन विभाग को अनुरोध किया जाए।

तदानुसार खनिज, खनिज साधन विभाग को सूचित किया जाए।

बैठक धन्यवाद प्रदान के साथ समाप्त हुई।

(मनीता पी.)
सदस्य सचिव,
राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

(श्रीमती अजय सरन)
अध्यक्ष,
राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

(डॉ. समीर बाजपेयी)
सदस्य,
राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़